11,325 रुपए का खेल या सुनियोजित भ्रष्टाचार?

झील पिपरिया पंचायत में कागजी विकास का बड़ा पर्दाफाश!

सरपंच और सचिव की भूमिका पर उठते सवाल

ग्राम पंचायत में वित्तीय निर्णय संयुक्त रूप से सरपंच और सचिव की जिम्मेदारी होते हैं। ऐसे में बिना दस्तावेजों के भुगतान स्वीकृत होना महज लापरवाही नहीं, बल्कि संभावित मिलीभगत की आशंका भी पैदा करता है। क्या कार्य का भौतिक सत्यापन किया गया? क्या ग्राम सभा में इसकी स्वीकृति ली गई? क्या भुगतान से पहले जांच रिपोर्ट तैयार हुई? इन सवालों पर पंचायत की चुप्पी और भी संदेह पैदा कर रही है।

रोजगार सहायक पर गंभीर आरोप

आरोपों के केंद्र में पंचायत के मेड (रोजगार सहायक) आकाश टेकाम हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वे पूर्व में भी पैसों की मांग और संदिग्ध बिलों के मामलों में विवादित रहे हैं। यह भी आरोप है कि कई बिल उनके भाई अजय टेकाम के नाम पर लगाए गए और फर्जी हाजिरी के जरिए राशि निकाली गई। यदि यह सही पाया गया, तो यह न केवल पद के दुरुपयोग बल्कि सुनियोजित वित्तीय हेरफेर का मामला हो सकता है।

सिवनी नवभारत। झील पिपरिया ग्राम पंचायत एक बार फिर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों में घिर गई है। महज 11,325 रुपए की राशि ने पूरे पंचायत तंत्र की पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। पंचायत रिकॉर्ड में आदिवासी कर्मयोगी केंद्र की पुताई और नारा लेखन कार्य के लिए उक्त राशि हवेली वाले नाम से जारी दिखाई गई है, लेकिन दस्तावेजों की परतें खुलते ही मामला संदिग्ध से गंभीर होता नजर आ रहा है।

बिना जीएसटी, बिना पंजीयन, फिर किस आधार पर भुगतान?

बिल में न तो किसी अधिकृत संस्था का पंजीयन क्रमांक दर्ज है, न जीएसटी नंबर और न ही किसी प्रकार का अधिकृत ठेकेदार संबंधी दस्तावेज। इसके बावजूद पंचायत सचिव रीता कोरचे और सरपंच मोहन चंद्रवंशी के सत्यापन हस्ताक्षर मौजूद हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि बिना वैध दस्तावेजों के भुगतान स्वीकृत करना वित्तीय नियमों का खुला उल्लंघन है। ऐसे मामलों में माप पुस्तिका (एमबी), कार्यस्थल निरीक्षण रिपोर्ट और भुगतान स्वीकृति की प्रक्रिया अनिवार्य होती है। यदि यह सब कागज़ों में ही पूरा किया गया, तो यह सीधा-सीधा कागज़ी विकास का मामला बन सकता है।

500 रुपए में काम, 11,325 रुपए का बिल?

स्थानीय निवासी नीरज विश्वकर्मा ने दावा किया है कि नारा लेखन का कार्य उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र कुम्मी टोला में किया था और इसके बदले पंचायत के मेड (रोजगार सहायक) आकाश टेकाम ने उन्हें मात्र 500 रुपए दिए।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब काम आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ, तो बिल आदिवासी कर्मयोगी केंद्र के नाम से क्यों बनाया गया? क्या यह केंद्र जमीन पर मौजूद भी है या केवल कागज़ों में ही संचालित हो रहा है? यदि केंद्र मौजूद है, तो उसकी फोटो, लोकेशन और निरीक्षण रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही?

'हवेली वाले' ने भुगतान से पल्ला झाड़ा

जिस नाम से 11,325 रुपए का भुगतान दर्शाया गया है, उनसे जुड़े प्रभु ने साफ शब्दों में कहा है कि उन्हें कोई राशि प्राप्त नहीं हुई और उनका नाम बेवजह घसीटा जा रहा है। यदि यह दावा सही है, तो यह मामला फर्जी भुगतान, नाम के दुरुपयोग और संभवत: राशि के गबन की ओर इशारा करता है। प्रश्न यह भी उठता है कि यदि भुगतान हुआ, तो बैंक ट्रांजैक्शन का रिकॉर्ड कहां है?

क्या यह सिर्फ एक मामला है या पूरी व्यवस्था में सेंध?

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में फर्जी हाजिरी, कागज़ी बिल और संदिग्ध भुगतान का सिलसिला लंबे समय से चल रहा है। यदि 11,325 रुपए के छोटे से काम में इतनी अनियमितताएं हैं, तो बड़े विकास कार्यों की स्थिति क्या होगी? यह मामला केवल एक भुगतान का नहीं, बल्कि पंचायत स्तर पर व्याप्त कथित भ्रष्टाचार की जड़ों को उजागर करने का संकेत दे रहा है।

अब गेंद जिला प्रशासन के पाले में

अब निगाहें जिला प्रशासन और जनपद पंचायत की कार्रवाई पर टिकी हैं। क्या स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच होगी? क्या भौतिक सत्यापन कर सच्चाई सामने लाई जाएगी? या फिर यह मामला भी फाइलों और कागज़ों के ढेर में दबा दिया जाएगा? यदि आरोप सिद्ध होते हैं, तो यह केवल 11,325 रुपए का घोटाला नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास योजनाओं में विश्वास की हत्या माना जाएगा। ग्रामीणों ने वित्तीय ऑडिट, जिम्मेदार अधिकारियों के निलंबन और आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। झील पिपरिया का यह मामला अब स्थानीय मुद्दा नहीं रहा—यह सवाल है कि क्या ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता केवल कागज़ों तक सीमित है?

इनका कहना है

लेखन का कार्य उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र कुम्मी टोला में किया था। उनके अनुसार कार्य आदिवासी कर्मयोगी केंद्र में नहीं, बल्कि आंगनबाड़ी भवन पर किया गया। और कार्य पूर्ण होने के पश्चात पंचायत के मेड आकाश टेकाम द्वारा उन्हें केवल 500 रुपए का भुगतान किया गया। जब कार्य आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ, तो पंचायत रिकॉर्ड में आदिवासी कर्मयोगी केंद्र का उल्लेख किस आधार पर किया गया। प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

नीरज विश्वकर्मा

ग्राम कंजई निवासी 11,325 रुपए के भुगतान से उनका कोई संबंध नहीं है। न तो उन्हें इस कार्य की जानकारी दी गई और न ही उनके द्वारा कोई पुताई अथवा नारा लेखन का कार्य किया गया। और मेरा नाम बिना अनुमति के जोड़ दिया गया है। मैं प्रशासन से मांग करता हूं कि यह पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और यदि किसी ने उनके नाम का दुरुपयोग किया है तो उसके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए।

प्रभु इनवाती (छोटू)

2 मार्च से बसों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

शासन की नीति के विरोध में बस ऑपरेटर लाम बंद

सिवनी नवभारत। प्रदेश सरकार की नई बस नीति के विरोध में मध्य प्रदेश आनस संगठन प्राइम रूट बस ऑनर्स मध्य प्रदेश की सागर में आयोजित बैठक में शांति संगठन द्वारा दिए गए निर्णय के अनूप रस 22 अप्रैल को सागर में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया है कि 2 मार्च को सभी रूट की सभी परमिट यात्री बस का संचालन अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है । जिला प्राइवेट संगठन के अध्यक्ष तेजपाल सिंह ने बताया कि नेशनल हाईवे फोर लाइन सहित सभी रोड में संचालित होने वाली बेस एक मार्च की मध्य रात्रि से बंद रहेगी इस दौरान यात्रियों को होने वाली परेशानी के लिए स्वयं सरकार जिम्मेदार होगी इसी बात को लेकर जिला बस के सदस्यों ने अनुविभागी दंडाधिकारी राजस्व एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी देवेश वाथम यातायात प्रभारी विजय बघेल को ज्ञापन सोपा गया है जिसमें इस आंदोलन में सहयोग की अपेक्षा की गई है। बैठक में तेज बालीसिंह चंद्रभान सिंह ठाकुर पुष्पेंद्र सिंह संजीव जैन दीपक जैन नरेद ठाकुर मनीष ठाकुर सोहेल पाशा रामायण सनोदिया इब्राहिम खान पवन दिवाकर नितेश साहू इलियास खान संतोष राहगडाले ललित शर्मा राजू सिंह ठाकुर एवं समस्त बस ऑपरेटर उपस्थित रहे।

बदला मौसम का मिजाज, हल्की बारिश व तूफान से किसान चिंतित

कुरई नवभारत। मंगलवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट ली और क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश दर्ज की गई। विशेष रूप से कुरई बादलपार गांव में अचानक आए तूफान और बूंदाबांदी से जनजीवन कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। दोपहर तक जहां तेज धूप और सामान्य मौसम बना हुआ था, वहीं अचानक आसमान में घने बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई।

इस अचानक मौसम परिवर्तन से क्षेत्र के किसान चिंतित नजर आए। इस समय गेहूं की फसल पकाव की अवस्था में है और खेतों में कटाई की तैयारी चल रही है। ऐसे में बारिश और तेज हवा से फसल गिरने एवं दानों की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम इसी प्रकार बना रहा तो गेहूं की उपज पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। ग्रामीणों के अनुसार तूफान की तीव्रता भले ही अधिक समय तक नहीं रही, लेकिन तेज हवाओं ने खेतों में खड़ी फसलों को झुकाने का काम किया है। कुछ स्थानों पर खेतों में पानी भरने की भी सूचना मिली है, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है। मौसम में आए इस बदलाव को लेकर किसान अब आने वाले दिनों के मौसम पर नजर बनाए हुए हैं। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बारिश सीमित मात्रा में हो तो फसल को अधिक नुकसान नहीं होगा, लेकिन लगातार बारिश या तेज आंधी से नुकसान की संभावना बढ़ सकती है। फिलहाल क्षेत्र में मौसम सामान्य होने लगा है, लेकिन हल्की फुल्की बारिश के बाद मौसम में ठंडक घुल गई है।

एक नजर में

मत्स्य उत्पादक सहकारी समितियों की कार्यशाला आयोजित

सिवनी। जिला सहकारी संघ मर्यादित, सिवनी के तत्वाधान में आज अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में मत्स्य उत्पादक सहकारी समितियों के सदस्यों एवं संचालकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन नगर स्थित शासकीय सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहकारी प्रशिक्षण केंद्र जबलपुर के प्राचार्य व्ही.के. बर्वे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारिता विभाग सिवनी के अंकेक्षण अधिकारी श्री एन.डी. कटरे ने की। इस अवसर पर मत्स्योद्योग विभाग सिवनी के मत्स्य निरीक्षक श्री रजनीश सिंह कुशराम विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एन.डी. कटरे ने सहकारी समितियों के गठन की प्रक्रिया और उनके सफल संचालन के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि व्ही.के.बर्वे ने जोर देकर कहा कि सहकारिता के माध्यम से व्यक्ति आत्मनिर्भर बन सकता है। रजनीश सिंह कुशराम ने शासन द्वारा मत्स्य विभाग के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी

9वीं की वार्षिक परीक्षा की गोपनीय सामग्री का वितरण

सिवनी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार मप्र राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड अंतर्गत कक्षा 09वी की वार्षिक परीक्षा का आयोजन दिनांक 02 मार्च से 17 मार्च 2026 तक दोपहर 1.30 बजे से 4.30 बजे तक किया जाना है। उनहोंने बताया कि उक्त परीक्षा की गोपनीय सामग्री का वितरण श्री एस.एस. कुमरे जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के समस्त हाईस्कूल विद्यालयों को मंगलवार 24 फरवरी को समन्वयक संस्था ने.सु.च.बो.शास.उ.मा.वि.सिवनी से वितरण किया गया। उक्त सामग्री को सावधानीपूर्वक संबधित विकासखंडस्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय / सांदीपनी विद्यालय के स्ट्रांगरूम की अभिरक्षा में रखा जाना सुनिश्चित किया गया।

रमजान में नेकी की पहल, ऑटो चालक जम्मू खान दे रहे फ्री सेवा

सिवनी नवभारत। रमजान के पाक महीने में जहां एक ओर लोग इबादत और खैरात में जुटे हैं, वहीं सिवनी शहर के भगतसिंह वार्ड निवासी शेख जमील मंसूरी उर्फ जम्मू खान जो कि पेशे से ऑटो चालक है। इन्होंने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए सराहनीय पहल की है। उन्होंने जरूरतमंद मरीजों को अस्पताल पहुंचाने के लिए अपनी ऑटो सेवा नि:शुल्क करने का फैसला लिया है। पिछले वर्ष के रमजान में भी ऐसी ही सुविधा उपलब्ध कराई थी।

जानकारी के अनुसार, ऑटो चालक द्वारा रोजाना सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक मरीजों को अस्पताल जाने के लिए मुफ्त सेवा दी जाएगी। इस दौरान न केवल मरीज बल्कि उनके परिजनों को भी बिना किसी किराए के अपनी ऑटो से अस्पताल पहुंचाया जाएगा। रमजान के इस पवित्र महीने में की जा रही यह पहल समाज में सेवा और भाईचारे का संदेश दे रही है। स्थानीय लोगों ने ऑटो चालक की इस सोच की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास दूसरों के लिए भी प्रेरणा बनते हैं। जरूरतमंदों के लिए यह सेवा किसी राहत से कम नहीं है और वास्तव में यह रमजान में सच्ची नेकी की मिसाल बनकर सामने आई है।

अज्ञानता रूपी रोगों को ज्ञान से गुरु ही दूर कर सकता है : निर्विकल्प स्वरूप

सिवनी नवभारत। सात प्रकार के धान्य से अन्नाधिवास, और फिर सर्व औषधियां, पंचपल्लव, पंचगव्य, पंचामृत, षडरस तथा अन्य रसों को 108 मटकियों में भरकर प्रतिष्ठित होने वाले श्री राधाकृष्ण जी विग्रह का अभिषेक किया जाकर स्नानाधिवास सपन्न किया गया और रात्रि में शयनाधिवास की प्रक्रिया पूर्ण होगी। द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य जी महाराज की विशेष रुचि के चलते नगर के प्रवेश द्वार पर नव निर्मित हुए श्री द्वारकाधीश राधा कृष्ण मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा-भागवत-यज्ञ समारोह में चारो वेद की ऋचाओ से आज प्रतिष्ठित होने वाले विग्रह के अधिवास की शास्त्रीय विधियां पूज्य शंकराचार्य आचार्य श्री सनत कुमार जी उपाध्याय के मार्गदर्शन में पूर्ण की गई।

द्विपीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के परम कृपापात्र शिष्य ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज ने आज भागवत कथा के दौरान चतुर्थ दिवस की कथा में कहा कि अज्ञानता रूपी रोगों को ज्ञान से गुरु ही दूर कर सकता है जैसे शुकदेव जी महाराज ने राजा परीक्षित की किये। आगे कथा के विभिन्न प्रसंगों को सुनते हुए ब्रह्मचारी जी भगवान नरसिंह के अवतार की कथा बताया कि भक्त प्रह्लाद जिज्ञासु साधक थे और उनके पिता हिरण्यकश्यपु महामोह है यह मोह समस्त व्याधियों का मूल है और मोह ही साधक को प्रताड़ित करता है अर्थात पुत्र प्रह्लाद को पिता हिरण्यकश्यपु ने अनेको प्रकार से प्रताड़ित किया लेकिन साधक प्रह्लाद ने भगवान की भक्ति नही छोड़ी, फलस्वरूप भगवान ने नरसिंह अवतार धारण कर अपने भक्त की रक्षा की भगवान ने चार वेदों ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद इनके के चार महावाक्य प्रज्ञानं ब्रह्म, अहं ब्रह्मास्मि, तत् त्वम् असि, अयम आत्मा ब्रह्म नामक प्रमाण रूपी नाखूनों से महामोह रूपी हिरण्यकश्यपु का वध किया। ब्रह्मचारी जी ने कहा कि भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि की घनघोर अंधेरी आधी रात को रोहिणी नक्षत्र में मथुरा के कारागार में वसुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया था, भगवान श्री नारायण ने ही धर्म की रक्षाके लिए और अनेको का उद्धार करने के लिए ही भगवान का अवतार हुआ, जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी नंद के आनंद भयो जय हो नंद लाल की की धुन पर श्रद्धालु झूम उठे, भगवान् श्री कृष्ण का जन्म धूम धाम मनाया, आज श्री द्वारकाधीश सत्संग भवन को भगवान श्री कृष्ण का जन्म कथा प्रसंग के चलते विशेष रूप से सुसज्जित किया गया था, इस दौरान श्रद्धालुओ ने भजन बधाइयां गाई, खिलौने,उपहार लुटाए गए, सौठ के लड्डू, हलवा प्रसाद में वितरित किया गया।

हॉकी इंडिया चेयरमैन दिलीप तिर्की का सिवनी आगमन, खिलाड़ियों से की मुलाकात

सिवनी नवभारत। हॉकी इंडिया के चेयरमैन और भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान दिलीप तिर्की अल्प प्रवास पर सिवनी पहुंचे। वे दोपहर करीब 4.30 बजे सर्किट हाउस पहुंचे, जहां जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिला हॉकी संघ के पदाधिकारी, हॉकी खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। खिलाड़ियों को दिलीप तिर्की से मिलने और उनके अनुभव जानने का अवसर मिला। उनके आगमन को जिले में हॉकी के विकास की दिशा में प्रेरणादायक अवसर माना जा रहा है। इस दौरान जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मनु धुर्वे सहित खेल विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में खेल विभाग की ओर से अतिथियों, पदाधिकारियों और खेलप्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

नाम सुधार सूचना

मैं शपथकर्ता:- भवन कुमार पिता किशन जाति बंजारा उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम सिंदरई तहसील छपारा जिला सिवनी म.प्र. आधार कार्ड नं. 5260 2219 6213 मैं शपथकर्ता निम्न शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि :-

01. यह कि शपथकर्ता उपरोक्त ग्राम व पते का स्थाई निवासी है।
02. यह कि शपथकर्ता के जारी आधारकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम भवन कुमार पिता किशन दर्ज है। जबकि आधार कार्ड अपडेट होने के बाद भवन कुमार के स्थान पर त्रुटिवश लखपति दर्ज हो गया है।
03. यह कि भवन कुमार एवं लखपति मुझ शपथकर्ता के ही नाम है अर्थात् उक्त दोनो नामों का मैं एक ही व्यक्ति हूँ।
04. यह कि मैं अपने आधारकार्ड नं. 5260 2219 6213 में दर्ज नाम लखपति के स्थान पर अपना सही नाम व वास्तविक नाम भवन कुमार जो कि पहले वाले आधार कार्ड में दर्ज है। भवन कुमार पिता किशन वर्तमान आधार कार्ड में दर्ज करानें हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।
05. यह कि शपथकर्ता द्वारा पुन: आधार कार्ड अपडेट किया जाने हेतु आवेदन पेश किया जाना है जिसका आपके समाचार पत्र नव भारत में प्रकाशन किया जाने पर किसी को कोई आपत्ति नहीं होगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी मुझ शपथकर्ता की होगी। जिस हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।
6. यह कि उक्त शपथपत्र सदभावनापूर्वक बिना किसी डर, दबाव व प्रलोभन के संपादित किया जा रहा है।

स्थान :- छपारा
दिनांक :- 24/02/2026

शपथकर्ता

धर्म-कर्म कथा के अंतिम दिवस भागवत व्यास पंडित नवीन कृष्ण दुबे महाराज ने अपने मुखारविंद से गीतापाठ का भावपूर्ण श्रवण कराया

हवन-पूजन एवं विशाल भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा आयोजित

केवलारी नवभारत। नगर के प्रसिद्ध खेरमाई मंदिर परिसर केवलारी में कथाव्यास पंडित श्री नवीन कृष्ण जी महाराज के मुखारबिंद से नवदुर्गा महिला मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा का समापन हवन-पूजन एवं विशाल भंडारे के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से संपन्न हुआ। कथा के विराम दिवस पर वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उपस्थित रहे।

कथा के अंतिम दिवस भागवत व्यास पंडित श्री नवीन कृष्ण दुबे जी महाराज ने अपने मुखारविंद से गीतापाठ का भावपूर्ण श्रवण कराया। उनके मधुर वाणी से प्रस्तुत किए गए भजन एवं शास्त्रीय प्रसंगों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। महाराज श्री ने अपने प्रवचन में धर्म, सेवा और सत्संग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जीवन में संस्कारों को अपनाने का संदेश दिया। गीतापाठ के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न कराया गया। श्रद्धालुओं ने आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की प्रार्थना की। पूरा मंदिर परिसर हरे कृष्ण और राधे-राधे के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस प्रकार सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का संदेश देते हुए सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

श्रीराम कथा योगशक्ती आस्था दीदी के मुखारबिंद से उगली में हो रहे अमृत वचन

उगली नवभारत। केवलारी विधानसभा की उप तहसील उगली थाना अंतर्गत ग्राम चिखली में सप्त दिवसीय राघवेंद्र सरकार राजाराम की राम कथा का श्रवण पान योग शक्ति आस्था दीदी के परम सान्निध्य में आपके मुखाग्रबिंद से ग्रामवासी और क्षेत्रीय प्रबुद्ध भक्तजनों की गरिमामयी उपस्थिति में विगत 23 फरवरी दिन सोमवार प्रथम दिवस कलश यात्रा के साथ आगामी 1 मार्च तक ग्राम चिखली के देवी मंदिर प्रांगण ग्राम के मध्य धार्मिक भावना से अभिभूत सभी प्रभुत्व जनों के माध्यम से किया गया है। श्री राम कथा का श्रवण पान भक्तगण प्रतिदिन दोपहर 2-5 बजे तक संगीत मय राम कथा का श्रवण पान कर रहे हैं,तत्पश्चात 6-7:30 बजे तक म्यूजिकल एक्सरसाइज और मेडिटेशन योग शक्ति ओम शांति के शिविर भी देवी माता मंदिर प्रांगण चिखली के परिसर में आयोजित हो रहा है,आयोजन कर्ता ग्राम के वरिष्ठ समाज सेवी शिव प्रसाद ठाकुर,माखनलाल ठाकुर, आनंद ठाकुर एवं समस्त ग्राम वासियों ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा फाल्गुन माष में किया है,जिसमें प्रतिदिन आगंतुक अतिथियों का सम्मान श्री राम अंकित पीतांबर वस्त्र से आस्था दीदी के करकमलों से भक्तगण ग्रहण कर रहे हैं, और आशिर्वाद प्राप्त कर रहे हैं, इस कार्यक्रम राम कथा का लाभ लेने के लिए समस्त श्रद्धालु गणआमंत्रित है।

कार्यालय नगर परिषद लखनादौन, जिला सिवनी (म.प्र.)
फोन नं.- 07690-240139 ईमेल - cmolakhnadoan@mpurban.gov.in
निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
2026_UAD_484592_1 दि. 24.02.2026	नगर परिषद लखनादौन को वार्ड क्रमांक 14 में स्थित मटेरियल रिकवरी केन्द्र (MRF Center), को Paper Shedding Fatka Machine की आवश्यकता है।	07 दिन, 5,00,000/-	2,000/- 10,000/-	14/03/2026
2026_UAD_484593_1 दि. 24.02.2026	नगर परिषद लखनादौन को वार्ड क्रमांक 14 में स्थित मटेरियल रिकवरी केन्द्र (MRF Center), के लिए Semi Auto Bale Press Machine की आवश्यकता है।	07 दिन, 5,00,000/-	2,000/- 10,000/-	14/03/2026
2026_UAD_484594_1 दि. 24.02.2026	नगर परिषद लखनादौन को क्रमांक 14 में स्थित मटेरियल रिकवरी केन्द्र (MRF Center), हेतु Plastic Agglomerator Machine (Agglo Machin) की आवश्यकता है।	07 दिन, 8,00,000/-	2,000/- 16,000/-	14/03/2026

शर्त:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर परिषद लखनादौन जिला - सिवनी (म.प्र.)